मंत्रालय में होगी अंडरग्राउंड पार्किंग!

मेट्रो-3 का विधान भवन स्टेशन से बनेगा सबवे

Pankaj.Pandey
@Timesgroup.com

■ **मुंबई:** चर्चगेट में रहने वालों को जल्द ही पार्किंग की समस्या से निजात मिलने वाली है। मुंबई के सबसे पॉश इलाके की पार्किंग की समस्या खत्म करने की योजना तैयार कर ली है। इसके तहत मंत्रालय के नीचे भूमिगत पार्किंग तैयार करने का निर्णय लिया गया है।

योजना के अनुसार, चर्चगेट के इस सबसे बड़ी भूमिगत पार्किंग में करीब 700 वाहन खड़े हो सकेंगे। दक्षिण मुंबई के इस सबसे बड़े पार्किंग स्थल के निर्माण का जिम्मा मुंबई मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन लिमिटेड (MMRCL) को दिया गया है। मंत्रालय में मंत्रियों, अधिकारियों-कर्मचारियों सहित सैकड़ों लोग रोजाना निजी वाहनों से पहुंचते हैं। बता दें कि मंत्रालय के भीतर सीमित जगह होने की वजह से लोग इसके आस-पास चर्चगेट तक कारें पार्क कर देते हैं। इसकी वजह से स्थानीय लोगों को पार्किंग की समस्या का सामना करना पड़ता है। अगर, सब कुछ ठीक रहा, तो लोगों इस मुसीबत से ज्यादा दिन तक नहीं जूझना पड़ेगा।

मंत्रालय, विधान भवन पहुंचना होगा आसान

मेट्रो-3 के विधान भवन स्टेशन को सबवे के माध्यम से मंत्रालय, विधानभवन से भी जोड़ने की योजन तैयार की गई है। सबवे के जरिए लोग मेट्रो से उतर कर सीधे मंत्रालय और विधान भवन जा सकेंगे। सबवे को विधान भवन, मंत्रालय और एडमिनिस्ट्रेटिव बिल्डिंग से जोड़ा जाएगा। भूमिगत सबवे से अधिकारी और कर्मचारी आसानी से एक इमारत से दूसरी इमारत तक जा सकेंगे।

- **मंत्रालय के नीचे होगी पार्किंग**
- **700 वाहनों की होगी व्यवस्था**
- **380 मीटर का बनेगा सबवे**
- **9 महीने में पूरा होगा काम**
- **सबवे पर खर्च होंगे 98.8 करोड़**

9 महीने में बनेगा सबवे

विधान भवन स्टेशन से मंत्रालय के बीच 380 मीटर लंबा सबवे का निर्माण किया जाएगा। सबवे के निर्माण पर 98.8 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। सबवे निर्माण के लिए MMRCL ने सार्वजनकि बांधकाम विभाग (PWD) के साथ करार किया है। MMRCL ने सबवे का काम 9 महीने में पूरा करने का लक्ष्य निर्धारित किया है।

निजी संस्थानों को अनुमति

MMRCL ने निजी और सरकारी संस्थानों को सभी 27 स्टेशनों के सबवे से जोड़ने की अनुमति दे दी है। इसके लिए कॉर्पोरेशन ने एक्सप्रेशन ऑफ इंटरेस्ट मंगवाया है। कोलाबा-बांद्रा-सीप्ज के बीच बन रहा मेट्रो 3 कॉरिडोर मुंबई के कई व्यवसायिक संस्थानों, अस्पतालों, कॉलेजों और हाउसिंग सोसाइटियों के करीब से हो कर गुजरेगा।